# CBSE Class 8 Social Science Important Questions History Chapter 8 राष्ट्रीय आंदोलन का संघटन: 1870 के दशक से 1947 तक

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कब तक अपने उद्देश्यों एवं तरीकों में मध्यमार्गी पार्टी थी?
उत्तर:
कांग्रेस प्रारम्भिक 20 वर्षों तक अपने उद्देश्यों एवं तरीकों में 'मध्यमार्गी' पार्टी थी।

प्रश्न 2.
मध्यमार्गी नेताओं का प्रमुख उद्देश्य क्या था?
उत्तर:
मध्यमार्गी नेताओं का प्रमुख उद्देश्य सरकार को अपनी माँगें बताना और उन्हें भारतीयों की भावना से अवगत कराना था।

प्रश्न 3.
आमूल परिवर्तनवादी विचारधारा के मुख्य नेता कौन थे?
उत्तर:

- बिपिन चन्द्र पाल,
- बाल गंगाधर तिलक,
- लाला लाजपत राय।

प्रश्न 4.
बंगाल का विभाजन कब हुआ?
उत्तर:
बंगाल का विभाजन 1905 में हुआ।

प्रश्न 5.
रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 'नाइटहुड' की उपाधि क्यों वापस लौटा दी?
उत्तर:
रवीन्द्रनाथ टैगोर ने जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के विरोध में अपनी 'नाइटहुड' की उपाधि वापस लौटा दी।

प्रश्न 6.
आजाद हिन्द फौज (इण्डियन नेशनल आर्मी) का गठन किसने किया?

evidyarthi

उत्तर:
आजाद हिन्द फौज का गठन सुभाषचन्द्र बोस ने किया था।

प्रश्न 7.
तिलक ने किस समाचार पत्र का सम्पादन किया था?
उत्तर:
तिलक ने मराठी अखबार 'केसरी' का सम्पादन किया था।

प्रश्न 8.
मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई?
उत्तर:
मुस्लिम लीग की स्थापना सन् 1906 में हुई।

प्रश्न 9.
1920 के दशक के मध्य की दो महत्त्वपूर्ण घटनाएँ कौनसी थीं?
उत्तर:

- भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थापना।
- हिन्दुओं के संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना।

प्रश्न 10.
इल्बर्ट बिल में क्या प्रावधान था?
उत्तर:
इल्बर्ट बिल में प्रावधान था कि भारतीय न्यायाधीश भी ब्रिटिश या यूरोपीय व्यक्तियों पर मुकदमे चला सकते है।

प्रश्न 11.
वंदेमातरम् आन्दोलन क्या था?
उत्तर:
स्वदेशी आन्दोलन को आंध्र के डेल्टा इलाकों में वंदेमातरम् आन्दोलन के नाम से जाना जाता था।

प्रश्न 12.
ऑल इण्डिया मुस्लिम लीग का गठन कब और कहाँ किया गया?
उत्तर:
ऑल इण्डिया मुस्लिम लीग का गठन ढाका में वर्ष | 1906 में किया गया।

प्रश्न 13.
जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड कब व कहाँ हुआ?
उत्तर:
जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड 13 अप्रेल, 1919 को अमृतसर में हुआ।

https://www.evidyarthi.in/

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
भारत का मतलब है यहाँ की जनता-इस विचार के आने से भारतीयों के मन में कौनसी जागरूकता पैदा हुई?
उत्तर:
इस विचार के साथ यह एहसास भी सामने आया कि अंग्रेज भारत के संसाधनों व यहाँ के लोगों की जिन्दगी पर कब्जा जमाए हुए हैं और जब तक यह नियन्त्रण खत्म नहीं होता, भारत यहाँ के लोगों का, भारतीयों का नहीं हो सकता।

प्रश्न 2.
1870 और 1880 के दशकों में बने प्रमुख राजनीतिक संगठनों के नाम दीजिए।
उत्तर:
1870 और 1880 के दशकों में बने प्रमुख राजनीतिक संगठन थे-

- पूना सार्वजनिक सभा,
- इण्डियन एसोसिएशन,
- मद्रास महाजन सभा,
- बॉम्बे रेजीडेंसी एसोसिएशन,
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आदि।

प्रश्न 3.
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रारम्भिक नेताओं के नाम बताइए।
उत्तर:

- दादाभाई नौरोजी,
- फिरोजशाह मेहता,
- बदरुद्दीन तैयबजी,
- सुरेन्द्र नाथ बैनर्जी,
- डब्ल्यू.सी. बैनर्जी,
- रोमेश चन्द्र दत्त,
- एस. सुब्रह्मण्यम् अय्यर।

प्रश्न 4.
स्वदेशी आन्दोलन क्या था? इसके कौन-कौनसे उद्देश्य थे?
उत्तर:
(1) वह आन्दोलन जो बंगाल विभाजन के बाद शुरू हुआ, उसे स्वदेशी आन्दोलन कहा जाने लगा।

(2) इस आन्दोलन के मुख्य उद्देश्य थे-ब्रिटिश शासन का विरोध करना और स्वदेशी उद्यम, राष्ट्रीय शिक्षा, भारतीय भाषाओं के प्रयोग एवं स्वयं-सहायता के विचारों को प्रोत्साहन देना। स्वराज के लिए संघर्ष हेतु आमूल परिवर्तनवादियों ने जनता को लामबंद करने और ब्रिटिश संस्थाओं एवं वस्तुओं के बहिष्कार पर जोर दिया।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 5.
लखनऊ समझौते से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने ऐतिहासिक लखनऊ समझौते पर हस्ताक्षर किए एवं देश में प्रतिनिधिक सरकार के गठन के लिए मिलकर काम करने का फैसला किया।

प्रश्न 6.
गाँधीजी ने दक्षिण अफ्रीका से आने के बाद देश में अपने शुरुआती वर्ष किस तरह बिताये?
उत्तर:
महात्मा गाँधी ने पहले साल पूरे भारत का दौरा किया। इस दौरान वे यहाँ के लोगों, उनकी जरूरतों और हालात को समझने में लगे रहे। शुरुआती वर्षों में उनके प्रयास चम्पारण, खेड़ा और अहमदाबाद के स्थानीय आन्दोलनों के रूप में सामने आये।

प्रश्न 7.
रौलट अधिनियम या कानून क्या था?
उत्तर:
रौलट कानून ब्रिटिश सरकार द्वारा 1919 में पास किया गया वह कानून था जो अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता जैसे मूलभूत अधिकारों पर अंकुश और पुलिस को और ज्यादा अधिकार देता था।

प्रश्न 8.
खिलाफत आन्दोलन का वर्णन कीजिए।
उत्तर:
खिलाफत आन्दोलन ऑटोमन साम्राज्य पर 1920 में थोपी गई एक बहुत ही सख्त सन्धि के विरुद्ध आन्दोलन था। ऑटोमन साम्राज्य का खलीफा मुस्लिम समाज का धार्मिक प्रधान था। भारतीय मुसलमान चाहते थे कि पुराने ऑटोमन साम्राज्य में स्थित पवित्र मुस्लिम स्थानों पर खलीफा का नियन्त्रण बना रहना चाहिए।

प्रश्न 9.
गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन को समाप्त करने का आह्वान कब और क्यों किया?
उत्तर:
जब किसानों की एक भीड़ ने फरवरी, 1922 में चौरी-चौरा में एक पुलिस थाने पर हमला कर उसमें आग लगा दी तो गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन समाप्त करने का आह्वान किया।

प्रश्न 10.
दांडी मार्च से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
गाँधीजी और उनके अनुयायी साबरमती से 240 किलोमीटर दूर स्थित दांडी तक पैदल चलकर गए और वहाँ उन्होंने 6 अप्रैल, 1930 को समुद्र तट पर बिखरा नमक इकट्ठा करते हुए नमक कानून का सार्वजनिक रूप से उल्लंघन किया। उन्होंने पानी उबालकर भी नमक बनाया। इस घटना को ही दांडी मार्च कहते हैं।

प्रश्न 11.
क्या 1870 एवं 1880 के दशक के राजनीतिक संगठनों के लक्ष्य प्रदेश आधारित थे? उनका क्या मत था?
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

- यद्यपि इनमें से कई संगठन देश के विशिष्ट भागों में ही काम करते थे, परन्तु वे अपने लक्ष्य को भारत के सभी लोगों का लक्ष्य बताते थे।
- वे मानते थे कि लोगों को सम्प्रभु होना चाहिए अर्थात् भारत के लोगों को अपने मामले में निर्णय लेने की आजादी होनी चाहिए।

प्रश्न 12.
प्रथम विश्व युद्ध के बाद सिपाहियों में औपनिवेशिक शासन के विरोध की भावना कैसे उत्पन्न हुई?
उत्तर:
प्रथम विश्व युद्ध के समय बहुत सारे भारतीय सिपाहियों को दूसरे देशों में युद्ध के मोर्चों पर भेज दिया गया। इनमें से बहुत सारे सिपाही युद्ध के बाद यह समझदारी लेकर लौटे कि साम्राज्यवादी शक्तियाँ एशिया और अफ्रीका के लोगों का किस तरह शोषण कर रही हैं। फलस्वरूप ये लोग भी भारत में औपनिवेशिक शासन का विरोध करने लगे।

evidyarthi